# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Exam Date | 11/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:00 PM |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक विद्यालय में 7847 विद्यार्थी हैं तथा विद्यालय में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 42 : 17 है, तो विद्यालय में लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 5594
✓ 2. 5586
✗ 3. 5578
✗ 4. 5600

**Q.2** एक बाइक एक सेकंड में 83 मीटर चलती है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 308.1
✓ 2. 298.8
✗ 3. 302.8
✗ 4. 297.3

**Q.3** पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 78 है और तीसरी संख्या 108 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 187
✗ 2. 196.5
✗ 3. 186
✓ 4. 195.5

**Q.4** $\left[\left(\frac{3}{2}\right)^{-9} \times \left(\frac{2}{3}\right)^{-6} \times \left(\frac{1}{4}\right)^{-3}\right]^{-7}$ का मान ज्ञात करें।

**Ans**
✗ 1. $\left(\frac{8}{3}\right)^{23}$
✗ 2. $\left(\frac{5}{8}\right)^{20}$
✗ 3. $\left(\frac{3}{18}\right)^{21}$
✓ 4. $\left(\frac{3}{8}\right)^{21}$

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.5 $\left(\frac{1}{4}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{6}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{2}\right)^{-2}$. का मान ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. 54
✓ 2. 56
✗ 3. 61
✗ 4. 60

Q.6 ₹5,000 की राशि पर 10% वार्षिक दर से दो वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर कितना है?

Ans
✗ 1. ₹53
✗ 2. ₹49
✓ 3. ₹50
✗ 4. ₹52

Q.7 ₹48 प्रति kg वाली चीनी को ₹22 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹40.6 प्रति kg पर बेचने पर 16% का लाभ हो?

Ans
✗ 1. 15 : 11
✗ 2. 14 : 15
✓ 3. 13 : 13
✗ 4. 15 : 14

Q.8 P, एक वर्ग का परिमाप है और D, वर्ग का विकर्ण है, तो सही संबंध का चयन कीजिए।

Ans
✓ 1. $P = 2\sqrt{2}D$
✗ 2. $4P = \sqrt{2}D$
✗ 3. $D = \sqrt{2}P$
✗ 4. $P = 4\sqrt{2}D$

Q.9 तीन संख्याओं का अनुपात 5 : 7 : 9 है और उनका ल.स.प., 2835 है। बड़ी संख्या और पहली दो संख्याओं के बीच के अंतर का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 99
✗ 2. 88
✗ 3. 80
✗ 4. 85

Q.10 एक बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 6200 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 32 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में) दशमलव के दो स्थानों तक ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
✓ 1. 30.82
✗ 2. 29.64
✗ 3. 30.31
✗ 4. 32.46

Q.11 दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। गोपाल, प्रत्येक बैंक से ₹440000 की राशि उधार लेता है। 2 वर्ष बाद गोपाल द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 23500
✓ 2. 22000
✗ 3. 23000
✗ 4. 21500

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.12 एक संख्या 45000 में क्रमशः 20% और 25% की क्रमिक वृद्धि की जाती है। प्रतिशत में कुल वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 50%
- ✗ 2. 47.5%
- ✗ 3. 22.5%
- ✗ 4. 45%

Q.13 किसी संख्या के 7% का 2%, उस संख्या का कितना प्रतिशत है?

Ans
- ✗ 1. 0.014
- ✗ 2. 9
- ✔ 3. 0.14
- ✗ 4. 14

Q.14 यदि किसी शंकु के आधार का व्यास $\frac{75.36}{\pi}$ cm है तथा उसकी तिर्यक ऊँचाई 88 cm है, तो शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।
($\pi$ = 3.14 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ 1. 7536
- ✗ 2. 5763
- ✗ 3. 1884
- ✔ 4. 3768

Q.15 निम्न का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

$$168 \div 24 \times \frac{1}{2} + \frac{3}{5} \times 4\frac{1}{3}$$

Ans
- ✗ 1. 8.3
- ✗ 2. 7.2
- ✔ 3. 6.1
- ✗ 4. 9.4

Q.16 यदि एक लड़का 12 km/h की चाल से दौड़ता है, तो उसे 42 m भुजा वाले एक वर्गाकार मैदान के चारों ओर एक पूरा चक्कर लगाने में कितने सेकंड लगेंगे?

Ans
- ✗ 1. 60
- ✗ 2. 48
- ✗ 3. 47
- ✔ 4. 50.4

Q.17 अरुण किसी कार्य को 8 घंटे में कर सकता है। महेश उस कार्य को 4 घंटे में कर सकता है। विजय की सहायता से उन्होंने 2 घंटे में कार्य पूरा कर लिया। विजय अकेले उस कार्य को कितने घंटे में कर सकता है?

Ans
- ✔ 1. 8
- ✗ 2. 10
- ✗ 3. 7
- ✗ 4. 9

Q.18 प्रथम 129 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 131
- ✔ 2. 130
- ✗ 3. 129.5
- ✗ 4. 130.5

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.19 करतार अपने माल पर उसके क्रय मूल्य से 36% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा 16% की छूट देता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
1. 13.6%
2. 14.24%
3. 14.6%
4. 13.24%

Q.20 वह सबसे छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 7, 14, 18 और 24 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 6 बचता है?

Ans
1. 504
2. 510
3. 512
4. 498

Q.21 हिमानी और पुष्पराज की आयु का अनुपात क्रमशः 8 : 5 है। 9 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 3 : 2 हो जाता है। उनकी वर्तमान आयु में कितना अंतर है?

Ans
1. 16
2. 27
3. 15
4. 34

Q.22 एक कार पहले घंटे में 106 km और दूसरे घंटे में 276 km की यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 183
2. 191
3. 189
4. 194

Q.23 अपने उत्पाद को ₹100 में बेचने पर मोनी को ₹250 की हानि होती है। उसका हानि प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 72.53%
2. 71.43%
3. 68.33%
4. 67.23%

Q.24 एक कक्षा में 15 विद्यार्थियों के अंकों का औसत 41 है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी के अंक दोगुने कर दिए जाएं, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 15
2. 82
3. 41
4. 30

Q.25 $\left[\frac{1}{5}\text{of}(5\times7-5)+20\div5\right]\div\left[\frac{0.27}{0.03}-\{21\div3+(2-3)\}+5\right]$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
1. 1.25
2. 2.5
3. 1
4. 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.26 एक व्यापारी कई छूट स्कीमों की पेशकश करता है। निम्नलिखित विकल्पों में से न्यूनतम विक्रय मूल्य प्रदान करने वाली स्कीम का चयन कीजिए।

Ans
✗ 1. दो खरीदें, पाँच मुफ़्त पाएँ
✗ 2. एक खरीदें, एक मुफ़्त पाएँ
✓ 3. एक खरीदें, तीन मुफ़्त पाएँ
✗ 4. 72% की एकल छूट

Q.27 पानी और दूध को किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को क्रय मूल्य पर बेचकर 15% का लाभ हो?

Ans
✗ 1. 17 : 3
✓ 2. 3 : 20
✗ 3. 20 : 3
✗ 4. 3 : 17

Q.28 A ने एक वस्तु B को 12% लाभ पर बेची तथा B ने उसे C को 8% हानि पर बेचा। यदि A उसी वस्तु को B के विक्रय मूल्य पर C को बेचता है, तो A को होने वाला लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2.15% हानि
✓ 2. 3.04% लाभ
✗ 3. 3.04% हानि
✗ 4. 2.15% लाभ

Q.29 $\left(\frac{15625}{49}\right)^{-\left(\frac{3}{2}\right)} \times \left(\frac{5}{7}\right)^5 \div \sqrt[4]{(625)^{-3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{1}{249}$
✗ 2. $\frac{1}{233}$
✓ 3. $\frac{1}{245}$
✗ 4. $\frac{1}{237}$

Q.30 आरती और रीता किसी कार्य को क्रमशः 8 घंटे और 12 घंटे में कर सकती हैं। दोनों मिलकर उस कार्य को कितने घंटे में कर सकती हैं?

Ans
✗ 1. 4.2 घंटे
✗ 2. 4.6 घंटे
✓ 3. 4.8 घंटे
✗ 4. 4.4 घंटे

Q.31 संख्या 56890065 किससे पूर्णतः विभाज्य है?

Ans
✓ 1. 3
✗ 2. 9
✗ 3. 11 और 4
✗ 4. 6 और 7

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.32 दो मित्रों आशीष और किरण की मासिक आय क्रमशः 5:7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹81000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 3 है, तो आशीष की मासिक आय (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
1. 567000 ✗
2. 404000 ✗
3. 405000 ✓
4. 406000 ✗

Q.33 इरा को 16 घंटे में 744 km दूर नागपुर पहुँचना है। 8 घंटे तक उसकी प्रारंभिक चाल 34 km/hr थी। अगले 87 km तक उसकी चाल 29 km/hr थी। 16 घंटे के निर्धारित समय में नागपुर पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
1. 79 km/hr ✗
2. 83 km/hr ✗
3. 77 km/hr ✓
4. 74 km/hr ✗

Q.34 एक निश्चित धनराशि पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹547 है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹74,500 ✗
2. ₹45,700 ✗
3. ₹54,700 ✓
4. ₹50,000 ✗

Q.35 अंजली किसी कार्य को 24 दिनों में कर सकती है। अंजली और आयुषी एक साथ मिलकर उसी कार्य को 13 दिनों में कर सकती हैं, तथा अंजली, आयुषी और अंकिता एक साथ मिलकर उसी कार्य को 8 दिनों में कर सकती हैं। उसी कार्य को अंजली और अंकिता कितने दिनों में कर सकती हैं?

Ans
1. $\frac{84}{8}$ ✗
2. $\frac{72}{9}$ ✗
3. $\frac{78}{7}$ ✓
4. $\frac{81}{7}$ ✗

## Section : General Intelligence and Reasoning


Q.36 श्री मैक्सिमिलियन बिंदु A से ड्राइव करना आरंभ करते हैं और दक्षिण की ओर 26 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं, 23 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 32 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं और 31 km ड्राइव करते हैं। वे अंतिम बार दाएं मुड़ते हैं, 6 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-अंश के मोड़ हैं।)

Ans
1. 6 km दक्षिण की ओर ✗
2. 8 km पश्चिम की ओर ✓
3. 8 km पूर्व की ओर ✗
4. 6 km उत्तर की ओर ✗


www.prepp.in


Your Personal Exams Guide


Q.37 जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार, MN पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





Ans

1\. 

2\. 

3\. 

4\. 

Q.38 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी प्लास्टिक, तिरपाल हैं।
कोई भी तिरपाल, चादर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी प्लास्टिक, चादर नहीं है।
(II) कुछ चादर, तिरपाल हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.39 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9 11 15 23 39 ?

Ans
1. 71
2. 61
3. 81
4. 91

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.40 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)।
(बाएं) 8 2 1 9 8 7 5 5 4 6 3 4 5 3 7 9 1 1 7 5 1 9 5 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
1. एक भी नहीं
2. दो ✔
3. एक
4. तीन

Q.41 सात मित्र, C, D, E, P, Q, R और S, एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, R के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। Q के दाएं से गिनने पर R और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, P के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। P के दाएं से गिनने पर E और P के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. चार
2. एक ✔
3. दो
4. तीन

Q.42 एक निश्चित कूट भाषा में, 'doctors are like God' को 'do co to ro' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'all should respect doctors' को 'ro od oc ot' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
दी गई भाषा में 'doctors' का कूट क्या है?

Ans
1. ro ✔
2. do
3. od
4. co

Q.43 विश्व कप मैच देखने के बाद, छह मित्र एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G, D के दाएं से दूसरे स्थान पर और C के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। F और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, H का निकटतम पड़ोसी है। H के दाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. G
2. D
3. A
4. F ✔

Q.44 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से MNOP का संबंध QRST से है। उसी प्रकार, GHIJ का संबंध KLMN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CDEF का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
1. GHIK
2. GHIJ ✔
3. GHIL
4. GHJI

Q.45 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक-समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. XOF
2. EVM
3. QFW ✔
4. NEV

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.46 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A & B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S & D + R # Y @ T' है, तो S का T से क्या संबंध है?

Ans
1. माता का पिता
2. पिता
3. भाई
4. माता का भाई

Q.47 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

LOK 13, MON 12, NOQ 11, OOT 10, ?

Ans
1. IOW 6
2. POW 9
3. POA 9
4. IOW 7

Q.48 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LINK' को '8426' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NIKE' को '2438' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 8
2. 3
3. 2
4. 4

Q.49 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 3 A 1 2 D 4 C 5 B 4 D 2 = ?

Ans
1. 12
2. 35
3. 19
4. 26

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

XNJ TLI PJH ? HFF

Ans
1. KGG
2. LIH
3. KHG
4. LHG

Q.51 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) Ω 9 % 3 6 # 1 * £ 5 4 2 & @ 8 $ 7 + (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक तथा ठीक बाद एक संख्या है?

Ans
1. 2
2. 1
3. 4
4. 3

Q.52 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के बाएं से दूसरे स्थान पर C बैठा है। C के दाएं से चौथे स्थान पर B बैठा है। D के ठीक दाएं पड़ोस में A बैठा है। A के दाएं से दूसरे स्थान पर F बैठा है। B के संबंध में A की स्थिति क्या है?

Ans
✔ 1. दाएं से दूसरा
✘ 2. बाएं से तीसरा
✘ 3. ठीक बाएं पड़ोस में
✘ 4. बाएं से दूसरा

Q.53 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

126 126 181 181 236 236 ?

Ans
✘ 1. 296
✔ 2. 291
✘ 3. 276
✘ 4. 281

Q.54 R, A, D, I, U और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपरी तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। I और U के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। R के ऊपर केवल A रहता है। D किसी सम संख्या वाले तल पर रहता है। I सबसे निचले तल पर रहता है। S और A के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✘ 1. तीन
✘ 2. चार
✔ 3. दो
✘ 4. एक

Q.55 यदि संख्या 37846592 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाता है तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े अंक और दूसरे सबसे छोटे अंक के बीच कितना अंतर होगा?

Ans
✘ 1. 8
✘ 2. 2
✔ 3. 6
✘ 4. 4


Q.56 रॉन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है तथा दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह पुनः दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✘ 1. 3 km पूर्व की ओर
✘ 2. 5 km पूर्व की ओर
✘ 3. 1 km पूर्व की ओर
✔ 4. 2 km पूर्व की ओर

www.prepp.in


Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.57 दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखे जाने पर दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





Ans


✗ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



Q.58 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

JL35 HJ47 FH59 DF71 ?

Ans

✗ 1. BD82

✗ 2. BE83

✗ 3. BE82

✓ 4. BD83

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में,
A * B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A ^ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' और
A ! B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'B – C ! I * L ^ U' है, तो B का U से क्या संबंध है?

Ans

✓ 1. पत्नी की माता की बहन

✗ 2. पत्नी की माता का पति

✗ 3. पत्नी की माता का पुत्र

✗ 4. पत्नी की माता का भाई

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.60 उत्तर की ओर मुख किए हुए 54 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, हरि बाएँ छोर से 19वें स्थान पर है। यदि ललित, हरि के दाएँ से 25वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएँ छोर से ललित का स्थान कौन-सा है?

Ans
1. 12वाँ
2. 13वाँ
3. 10वाँ
4. 11वाँ

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर CRTQ एक निश्चित तरीके से DTUS से संबंधित है। उसी तरह, PDUA का संबंध QFVC से है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से SHKI किससे संबंधित है?

Ans
1. TJLK
2. TILK
3. TKLJ
4. TJMJ

Q.62 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)
9 - 8 - 72
12 - 5 - 60

Ans
1. 9 - 20 - 160
2. 18 - 2 - 38
3. 15 - 5 - 75
4. 4 - 13 - 56

Q.63 यदि संख्या 7318546 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से दूसरा होगा?

Ans
1. 6
2. 4
3. 5
4. 7

Q.64 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी टेबल, कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ, बिस्तर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बिस्तर, टेबल हैं।
(II) कुछ कुर्सियाँ, टेबल हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.65 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

152 138 125 113 102 ?

Ans
1. 83
2. 92
3. 70
4. 76

Q.66 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएं) 5 3 1 8 4 5 7 2 4 1 8 7 6 4 7 2 9 3 5 2 5 4 1 9 7 3 6 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
1. तीन
2. दो
3. तीन से अधिक
4. एक

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूहों में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. SOV
2. NJQ
3. IEL
4. EAG

Q.68 एक निश्चित कूट भाषा में, 'JUNK' को '7268' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'JUKE' को '8652' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 6
2. 2
3. 5
4. 8

Q.69 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी बर्गर, नाशपाती हैं।
कोई नाशपाती, पंखा नहीं है।
निष्कर्ष:
(I): कोई बर्गर, पंखा नहीं है।
(II): कुछ पंखे, नाशपाती हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, CFJM एक निश्चित तरीके से FIMP से संबंधित है। उसी प्रकार DAHL, GDKO से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, GJNR दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
1. FIMQ
2. JMQU
3. JGRN
4. RJGN

Section : General Awareness

Q.71 प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एनजीएलवी (NGLV) के विकास को स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना तथा संचालन और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय चालक दल के अवतरण की क्षमता विकसित करने की दिशा में सरकार के दूरदर्शी दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। एनजीएलवी (NGLV) का पूर्ण रूप निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
1. Next Generation Launch Vehicle (नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल)
2. Next Gateway Launch Vehicle (नेक्स्ट गेटवे लॉन्च व्हीकल)
3. Nano Governed Launch Vehicle (नैनो गवर्न्ड लॉन्च व्हीकल)
4. New Generation Launch Vehicle (न्यू जेनरेशन लॉन्च व्हीकल)

Q.72 वे संगीत वाद्ययंत्र, जिनमें बीटर (beater), हाथ या इसी प्रकार के किसी अन्य उपकरण से प्रहार करके या रगड़ द्वारा ध्वनि उत्पन्न होती है, _________ वाद्ययंत्र कहलाते हैं।

Ans
1. तत् (string)
2. इलेक्ट्रॉनिक (electronic)
3. तालवाद्य (percussion)
4. सुषिर (wind)

Q.73 इंदिरा सागर जलविद्युत परियोजना (Indira Sagar Hydroelectric Power Project), किस राज्य में स्थित है?

Ans
1. आंध्र प्रदेश
2. बिहार
3. मध्य प्रदेश
4. हरियाणा

Q.74 सुरश्रृंगार (Surshringar) उत्तर भारत में पाए जाने वाले कितने प्रकार के तार वाले वाद्यों का संयोजन है?

Ans
1. तीन
2. दो
3. चार
4. पाँच

Q.75 भारत के साथ ऑडियो विजुअल सह-निर्माण समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 17वां देश निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
1. कनाडा
2. पनामा
3. निकारागुआ
4. कोलंबिया

Q.76 'हिंसा का परित्याग' करने का मौलिक कर्तव्य प्रारंभ में निम्नलिखित में से किस समिति/आयोग द्वारा सुझाया गया था?

Ans
1. स्वर्ण सिंह समिति
2. अशोक मेहता समिति
3. सरकारिया आयोग
4. मंडल आयोग

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.77 भाप इंजन निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक सिद्धांत पर कार्य करता है?

Ans
1. प्रकाश विद्युत प्रभाव
2. अतिचालकता
3. आर्किमिडीज़ के सिद्धांत
4. ऊष्मागतिकी के नियम

Q.78 1991 के बाद से शहरी बुनियादी ढांचे के विकास में वैश्वीकरण का एक प्रमुख योगदान क्या रहा है?

Ans
1. मेट्रो रेल नेटवर्क जैसे आधुनिक सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों का विकास
2. शहरों में कृषि-संबंधी उद्योगों का विस्तार
3. शहरी क्षेत्रों में मेट्रो रेल प्रणालियों का निजीकरण
4. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का निर्माण

Q.79 30 सितंबर से 17 अक्टूबर 2024 की अवधि के दौरान, वेरिएबल रेट रिवर्स रेपो (Variable rate reverse repo - VRRR) नीलामियों के माध्यम से कितनी अधिशेष तरलता (surplus liquidity) जुटाई गई?

Ans
1. ₹3.5 लाख करोड़
2. ₹4.1 लाख करोड़
3. ₹1.5 लाख करोड़
4. ₹2.1 लाख करोड़

Q.80 संविधान (जम्मू एवं कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 संसद द्वारा पारित किया गया, जिसका उद्देश्य केंद्रशासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर की ST की सूची में कितने समुदायों को शामिल करना था?

Ans
1. 3
2. 4
3. 2
4. 6

Q.81 ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह (SHGs) मुख्यतः निम्नलिखित में से किस/किन उद्देश्य/उद्देश्यों के लिए स्थापित किए जाते हैं?

Ans
1. बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट ऋण प्रदान करना
2. शहरी अवसंरचना का विकास करना
3. सदस्यों के बीच बचत को प्रोत्साहित करना और छोटे ऋण प्रदान करना
4. विद्यालय नामांकन में सुधार

Q.82 निम्नलिखित में से किस ब्रिटिश वास्तुकार ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस) को डिजाइन किया था?

Ans
1. विलियम विल्किंस (William Wilkins)
2. हेनरी करी (Henry Currey)
3. थॉमस एडवर्ड कोलकट (Thomas Edward Collcutt)
4. एफ.डब्ल्यू. स्टीवंस (FW Stevens)

Q.83 भारत के प्रायद्वीपीय पठार की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है?

Ans
1. शेवरॉय पहाड़ियाँ
2. अनामुडी
3. डोड्डाबेट्टा
4. महेन्द्रगिरी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.84** गुप्त काल के दौरान निम्नलिखित में से किस विभाग के प्रभारी को 'संधि-विग्रहिक' कहा जाता था?

Ans
✔ 1. शांति और युद्ध विभाग
✗ 2. न्याय विभाग
✗ 3. पुलिस विभाग
✗ 4. शाही महल विभाग

**Q.85** 1 नवंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (NETC) प्रणाली की फास्टैग (FASTag) डिवाइस, जो टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के लिए उपयोग की जाती है, अपने कार्यचालन के लिए किस तकनीक का उपयोग करती है?

Ans
✔ 1. रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID)
✗ 2. ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS)
✗ 3. नियर-फील्ड कम्युनिकेशन (NFC)
✗ 4. ब्लूटूथ लो इनर्जी (BLE)

**Q.86** 1857 में महाराष्ट्र के धुले जिले से विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

Ans
✗ 1. खान बहादुर
✔ 2. खाजा सिंह
✗ 3. तात्या टोपे
✗ 4. रानी लक्ष्मीबाई

**Q.87** राजश्री वारियर की किस पुस्तक ने ऑथहर अवार्ड्स 2024 (AutHer Awards 2024) में सर्वश्रेष्ठ लेखक डेब्यू पुरस्कार जीता?

Ans
✗ 1. द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स (The God of Small Things)
✔ 2. द डॉटर्स ऑफ मदुरै (The Daughters of Madurai)
✗ 3. हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड (How Prime Ministers Decide)
✗ 4. इन कस्टडी (In Custody)

**Q.88** पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में, समुद्री अभ्यास मालाबार 2024 का उद्घाटन समारोह किस स्थान पर आयोजित किया गया?

Ans
✔ 1. विशाखापत्तनम
✗ 2. तिरुपति
✗ 3. कोच्चि
✗ 4. कुड्डालोर

**Q.89** अतिवादी निम्नलिखित में से किस तरीके को स्वराज प्राप्त करने में सहायक मानते थे?

Ans
✔ 1. आत्म-निर्भरता और प्रत्यक्ष कार्रवाई
✗ 2. तुष्टिकरण
✗ 3. अनुनय
✗ 4. संवैधानिक तरीके

**Q.90** निम्नलिखित वैज्ञानिकों में से किसको, पोलोनियम तत्व की खोज का श्रेय दिया जाता है?

Ans
✗ 1. नील्स बोहर (Niels Bohr)
✗ 2. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)
✗ 3. दिमित्री मेंडेलीव (Dmitri Mendeleev)
✔ 4. मैरी क्यूरी (Marie Curie)

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.91 गरीबी के स्तर का आकलन करने के लिए सामान्यतः निम्नलिखित में से किस उपाय का उपयोग किया जाता है?

Ans
✔ 1. गरीबी रेखा
✘ 2. सकल घरेलू उत्पाद
✘ 3. विनिमय दर
✘ 4. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

Q.92 मनोज मित्तल ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) के रूप में कब कार्यभार ग्रहण किया?

Ans
✔ 1. जुलाई 2024
✘ 2. जून 2024
✘ 3. सितम्बर 2024
✘ 4. अक्टूबर 2024

Q.93 ऐम्पियर के परिपथीय नियम द्वारा विद्युत-चुंबकत्व के किस पहलू का वर्णन किया गया है?

Ans
✘ 1. दिक्स्थान के एक पृथकृत क्षेत्र में विस्थापन धारा और परिवर्ती विद्युत क्षेत्र के बीच संबंध
✘ 2. परावैद्युत पदार्थ में आवेश घनत्व और विद्युत क्षेत्र के बीच संबंध
✔ 3. एक संवृत्त लूप के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र और लूप से गुजरने वाली विद्युत धारा के बीच संबंध
✘ 4. दिक्स्थान के एक क्षेत्र में विद्युत क्षेत्र और चुंबकीय क्षेत्र के बीच संबंध

Q.94 अगस्त 2024 में वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन भारत के किस राज्य में आयोजित किया गया था?

Ans
✔ 1. केरल
✘ 2. गोवा
✘ 3. कर्नाटक
✘ 4. तमिलनाडु

Q.95 अप्रैल 2024 की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के दौरान RBI ने कौन-सी प्रमुख ब्याज दर अपरिवर्तित रखी?

Ans
✘ 1. आधार दर
✔ 2. रेपो दर
✘ 3. बैंक दर
✘ 4. रिवर्स रेपो दर

Q.96 निम्नलिखित में से किस जैव अणु का आण्विक भार (molecular weight) सबसे अधिक है?

Ans
✘ 1. फ्रक्टोस (Fructose)
✔ 2. सुक्रोस (Sucrose)
✘ 3. ग्लूकोस (Glucose)
✘ 4. गैलेक्टोस (Galactose)

Q.97 राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (NW 2) निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में परिचालित है?

Ans
✔ 1. असम
✘ 2. अरुणाचल प्रदेश
✘ 3. सिक्किम
✘ 4. नागालैंड

Q.98 पानीपत का दूसरा युद्ध ______ की सेनाओं के बीच लड़ा गया था।

Ans
✘ 1. हुमायूं और राणा सांगा
✘ 2. बाबर और राणा सांगा
✘ 3. अकबर और शेर शाह
✔ 4. अकबर और हेमू

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.99 बिहार में हल छठ, भाद्र मास के कृष्ण पक्ष की ______ तिथि को मनाया जाता है।

Ans
1. तृतीया
2. द्वितीया
3. षष्ठी
4. नवमीं

Q.100 चर्चित एशियाई विकास बैंक (ADB) का मुख्यालय ___________ में स्थित है।

Ans
1. मनीला
2. बैंकाक
3. मुंबई
4. टोक्यो

Q.101 भारत का कौन-सा तटीय मैदान मुख्यतः चट्टानी है?

Ans
1. उत्तरी तटीय मैदान
2. पूर्वी तटीय मैदान
3. कोरोमंडल मैदान
4. पश्चिमी तटीय मैदान

Q.102 निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में ग्रामीण गरीबों को मकान उपलब्ध कराना है?

Ans
1. डिजिटल इंडिया
2. प्रधानमंत्री आवास योजना
3. स्किल इंडिया
4. मेक इन इंडिया

Q.103 निम्नलिखित में से कौन-सी समिति संसद सदस्यों के आचरण की जांच करने के लिए जिम्मेदार है?

Ans
1. विशेषाधिकार समिति (The Committee on Privileges)
2. नियम समिति (The Committee on Rules)
3. सार्वजनिक उपक्रम समिति (The Committee on Public Undertakings)
4. लोक लेखा समिति (The Public Accounts Committee)

Q.104 निम्नलिखित में से कौन-सा, कृषि और उद्योग का एक अंतरापृष्ठ है और प्रवासी श्रमिकों की मदद से पूंजी-गहन इनपुट का उपयोग करके भूमि के बड़े भू-भाग को आच्छादित करता है?

Ans
1. गहन जीविका कृषि
2. रोपण कृषि
3. शुष्क कृषि
4. आदि जीविका कृषि

Q.105 कौन-सा अनुच्छेद निर्दिष्ट करता है कि राज्यपाल राज्य विधानमंडल का आह्वान कर सकता है, सत्रावसान कर सकता है और भंग कर सकता है?

Ans
1. अनुच्छेद 180
2. अनुच्छेद 174
3. अनुच्छेद 167
4. अनुच्छेद 172

Q.106 लाहौर घोषणापत्र 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी और ____________ के बीच हस्ताक्षरित एक द्विपक्षीय समझौता और शासन संधि थी।

Ans
1. इमरान खान
2. मुहम्मद जुनेजो
3. नवाज़ शरीफ़
4. ज़ुल्फ़िक़ार अली भुट्टो

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.107 भारत में अवसंरचना और संपर्क सुविधा (connectivity) के निर्माण पर कौन-सी सरकारी पहल केंद्रित है?

Ans
✗ 1. आयुष्मान भारत (Ayushman Bharat)
✗ 2. मनरेगा (MNREGA)
✓ 3. भारतमाला (Bharatmala)
✗ 4. स्किल इंडिया (Skill India)

Q.108 भारतीय ऑलराउंडर क्रिकेटर दीप्ति शर्मा ने अक्टूबर 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा घोषित महिला वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। वे किस स्थान पर रहीं?

Ans
✓ 1. दूसरे
✗ 2. पांचवें
✗ 3. चौथे
✗ 4. पहले

Q.109 कार्बोहाइड्रेट विभिन्न रूपों में विद्यमान होते हैं, जिनमें सरल शर्करा से लेकर कई इकाइयों से बने जटिल बहुलक शामिल हैं। कार्बोहाइड्रेट का सबसे सरल रूप, जिसे आगे सरल रूपों में जल अपघटित नहीं किया जा सकता है, ___________ कहलाता है।

Ans
✗ 1. डाइसैकेराइड
✗ 2. ओलिगोसैकेराइड
✗ 3. पॉलिसैकेराइड
✓ 4. मोनोसेकैराइड

Q.110 सितंबर 2024 में, इक्विटी सेगमेंट (equity segment) में निवल विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) अंतर्वाह में वृद्धि में, निम्नलिखित में से किस कारक ने योगदान दिया?

Ans
✓ 1. येन कैरी ट्रेड का बंद होना या उलटना (Unwinding of Yen carry trade)
✗ 2. भारतीय रुपए का मजबूत होना (Strengthening of the Indian Rupee)
✗ 3. अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि (Increase in interest rates in the US)
✗ 4. घरेलू विकास की संभावनाओं में कमी (Decrease in domestic growth prospects)

Q.111 नरमदलवादियों की 'प्रतिनिधित्व के बिना कोई कराधान नहीं' की मांग किस ऐतिहासिक आंदोलन से प्रेरित थी?

Ans
✗ 1. रूसी क्रांति
✗ 2. फ्रांसीसी क्रांति
✓ 3. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम
✗ 4. चीनी क्रांति

Q.112 निम्नलिखित में से कौन-सा/से, 1857 के विद्रोह का/के परिणाम था/थे?

I. सेना का पुनर्गठन
II. कृषि-संबंधी सुधार
III. मुक्त व्यापार नीति
IV. आयुध अधिनियम पारित किया गया

Ans
✓ 1. केवल I और IV
✗ 2. केवल III और IV
✗ 3. I, II, III और IV
✗ 4. केवल I, III और IV

Q.113 भारतीय प्रोटोकॉल के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन वरीयता क्रम में सर्वोच्च स्थान पर है?

Ans
✗ 1. उप मंत्री
✗ 2. राज्य मंत्री
✗ 3. कैबिनेट मंत्री
✓ 4. प्रधान मंत्री

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

Q.114 निम्नलिखित में से कौन-सा, राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) में से एक गांधीवादी सिद्धांत है?

Ans
✔ 1. ग्राम पंचायतों का गठन
✘ 2. समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता
✘ 3. पर्यावरण संरक्षण
✘ 4. समान नागरिक संहिता

Q.115 44वां और 45वां आसियान शिखर सम्मेलन (ASEAN Summit), ___________ में आयोजित किया गया था।

Ans
✘ 1. मलेशिया
✘ 2. थाईलैंड
✘ 3. इंडोनेशिया
✔ 4. लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक

Q.116 भारतीय संविधान की दूसरी अनुसूची में क्या प्रावधान किए गए हैं?

Ans
✘ 1. नगरपालिकाओं की शक्तियाँ
✘ 2. राज्य सभा में सीटों का आवंटन
✘ 3. शपथ या प्रतिज्ञान के प्रकार
✔ 4. राष्ट्रपति, राज्यपाल और अन्य अधिकारियों से संबंधित प्रावधान

Q.117 1991 के सुधारों का भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा?

Ans
✘ 1. प्रमुख निजी उद्योगों का राष्ट्रीयकरण
✔ 2. विनिवेश को बढ़ावा और सरकारी नियंत्रण में कमी
✘ 3. नए सार्वजनिक एकाधिकार का सृजन
✘ 4. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रभुत्व में वृद्धि

Q.118 कानून द्वारा नागरिकता को विनियमित करने के लिए संसद के अधिकार का उल्लेख भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में किया गया है?

Ans
✘ 1. अनुच्छेद 93
✘ 2. अनुच्छेद 10
✔ 3. अनुच्छेद 11
✘ 4. अनुच्छेद 89

Q.119 भारत में, सुंदरी वृक्ष किस प्रकार के वनों में पाई जाने वाली एक प्रमुख प्रजाति है?

Ans
✔ 1. मैंग्रोव वन
✘ 2. पर्वतीय वन
✘ 3. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
✘ 4. उष्णकटिबंधीय वर्षावन

Q.120 भारत की मानक मध्याह्न रेखा (82°30'E), जिसका उपयोग पूरे देश के लिए मानक समय निर्धारित करने हेतु किया जाता है, निम्नलिखित में से किस स्थान से होकर गुजरती है?

Ans
✘ 1. कोलकाता
✘ 2. जयपुर
✔ 3. मिर्जापुर
✘ 4. भोपाल